BS

# I P.U.C. ANNUAL EXAMINATION-2017

I

Time : 3.15 Hours

HINDI - 03

Max. Marks : 100

*सूचना : i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अवश्यक है।*

*ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य हैं।*

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।** **6x1=6**

1) आनंदी के पिता का नाम लिखिए।
2) असंभव को संभव बनानेवाली चीज़ क्या है?
3) मिशनरी निन्दक चौबीसों घंटे निन्दा करने में किस भाव से लगे रहते है?
4) हृदय रोगियों के लिए किस तरह का भोजन अच्छा नहीं है?
5) 'नालायक' पाठ के लेखक कौन हैं?
6) राष्ट्र का तीसरा अंग कौन-सा है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3x3=9**

7) त्याग और सेवा के बारे में स्वामी विवेकानंदजी के क्या विचार हैं?
8) ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निन्दकों की कैसी दशा होती है?
9) अंबेडकरजी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए।
10) दिल का दौरा और एनजाइना रोग के प्रमुख लक्षण क्या हैं?
11) रमेश ने बेहोशी का अभिनय क्यों किया?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:** **4x1=4**

12) जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है।
13) 'वह रही मेरी अम्मा।'
14) ये लोग हम लोगों का हक मार रहे हैं।
15) नहीं, कई बेटे अपने बाप से भी बडे हो जाते हैं।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए।** **2x3=6**

16) उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बडे होकर क्षमा करो।
17) 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती' फिर वे न नयी रहेंगी और न डाटेंगी।'
18) जम कैसे सकता था, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया।
19) यह प्रणाम भाव ही भूमि और जन का दृढ़ बंधन होता है।

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए।** **6x1=6**

20) क्रोध किसके समान है?
21) श्रीकृष्ण के चरणकमल कैसे हैं?
22) सीता की सखियाँ कौन हैं?
23) दुनिया कैसी है?
24) कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है?
25) कवि अपने मित्र का स्वागत कैसे करता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **2x3=6**

26) बसवेश्वर के विचारों को स्पष्ट कीजिए।
27) किन परिस्थितियों में नारी पत्थर तोड रही थी?
28) कवि माचवे के अनुसार प्रतिभा के लक्षण लिखिए।
29) नारी के विभिन्न गुणों का परिचय दीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए।** **2x4=8**

30) काम, क्रोध, मद, लोभ की, जौ लौं मन में खान।
तौं लौ पंडित मूरखौ, तुलसी एक समान।।

(P.T.O.)

**अथवा**

मोर-पखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माला गरें पहिरौंगी |
ओढ़ि पितम्बर लै लकुटी बन, गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी ||
भावतो वोही मेरो 'रसखानि' सो तेरे कहें सन स्वांग करोंगी |
या मुरली मुरलीधर की, अधरान-धरी अधरा न धरौंगी ||

31) जीवन में न निराशा मुझको,
कभी रुलाने को आई |
'जग झूठा है' यह विरक्ति भी,
नहीं सिखाने को आई ||

**अथवा**

मंज़िल सदा उसी को मिलती
धीर-वीर जो बढता जाता |
काँटों को भी फूल समझता,
विपदाओं से हाथ मिलाता |
कायर तो घबराते वे ही,
वीर न करते कभी बहाना |

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए |** **6x1=**

32) बालक की आँखें किसकी सौगन्ध खा रही थी?
33) 'श्मशान' कहानी की लेखिका कौन हैं?
34) एक चम्मच की कीमत कितनी मानी गई?
35) चंद्रप्रकाश की पत्नी का नाम क्या है?
36) सिलिया किस दौड़ में प्रथम आयी थी?
37) सिद्धेश्वरी के मँझले लडके का नाम लिखिए |

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **3x3=**

38) शराबी को बच्चा कहाँ मिला? वह उसे अपने साथ क्यों लाया?
39) अंततः पहाडी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा?
40) संतू का परिचय दीजिए |
41) दिल्ली में शीतलहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए |
42) सिलिया के स्वभाव का परिचय दीजिए |
43) सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए |** **5x1=**

44) क) हम प्रतिदिन सबेरे तीन बजे उठता था |
ख) रमेए के बहिन का नाम आरती है |
ग) श्याम ने पुस्तक खरीदा |
घ) मैं आम को खा रहा हूँ |
ङ) आप कहाँ रहता है

**आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए | (पर, की, का, के, में)** **5x1=**

45) क) जन ---------- प्रवाह अनंत होता है |
ख) जीवन नदी -------- प्रवाह की तरह है |
ग) पृथ्वी के गर्भ ---------- अमूल्य निधियाँ है |
घ) भूमि ---------- जन निवास करते हैं |
ङ) मितली ---------- शिकायत भी हे सकती है |

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए।** 4x1=4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 46) i) | खून पसीना एक करना | a) | कष्ट उठाना |
| ii) | चकमा देना | b) | बहुत मेहनत करना |
| iii) | मुसीबतें झेलना | c) | हारकर भागना |
| iv) | पीठ दिखाना | d) | धोखा देना |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए।** 3x1=3

47) क) शिकारी शिकार करेगा (भूतकाल में बदलिए)

ख) बालक खा रहा था। (भविष्यत्‌काल में बदलिए)

ग) तुलसीदास ने अनेक पद लिखे। (वर्तमानकाल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए।** 2x1=2

48) देवर, पंडित

**ऊ अन्य वचन रूप लिकिए।** 2x1=2

49) चोटी, लता

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए।** 2x1=2

50) नवीन, पवन

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए।** 2x1=2

51) उतार, आदर

**VI अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 5x`=5

52) चलना मनुष्य का स्वभाव है। पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है शौर मनुष्य भी चलता है। प्राचीन समय में एक स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे, मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे, फिर पाललियों का प्रयोग किया जाने लगा। इन्हें चार लोग उठाते थे, मगर रास्ते में चलते चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ था बारह लोग समय में चलते थे। पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था। पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही जीवन बदल दिया। इसके आविष्कार से सर्पप्रथम बैलगाडी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे धीरे इसी पहिए से मशीन से चलनेवाली गाडियाँ सडकों पर दौड़ने लगी।

प्रश्न : 1) चलना किस-किसका स्वभाव है?

2) प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए मनुष्य क्या करता था?

3) पालकियों का प्रयोग किनके लिए होता था?

4) पहिए के आविष्कार से क्या लाभ हुआ?

5) चहिए के आविष्कार से सर्वप्रथम किसके द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी?

आ) 53) दर्शनीय स्थल के बारे में छोटे भाई को पत्र लिखिए। 1x5=5

**अथवा**

फीस माफ करने के लिए प्राचार्यजी को एक पत्र लिखिए।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 5x1=5

54) क) ಭಾರತವು ನದಿಗಳ ದೇಶವಾಗಿದೆ.
India is a country of rivers.

ख) ಭಗವದ್ಗೀತೆಯು ಮಾನವೀಯತೆಯನ್ನು ಕಲಿಸುತ್ತದೆ.
Bhagavadgeetha teaches humanity.

ग) ಡಾ|| ಅಂಬೇಡ್ಕರ್ ಭಾರತದ ಸಂವಿಧಾನವನ್ನು ರಚಿಸಿದರು.
Dr. Ambedkar framed the constitution of India.

घ) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಸಾವಿರಾರು ಹಳ್ಳಿಗಳಿವೆ.
There are thousands of villages in India.

ङ) ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ
Unity is our strength